A **809**

SAMAGRA SHIKSHA KERALA

FIRST TERMINAL EVALUATION 2022-23

Third Language

STD. VIII **HINDI** **Time : 90 Minutes**
Score : 40

निर्देश :

- पहला पंद्रह मिनिट कूल ऑफ़ टाईम है। इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

सूचना : 'शाहंशाह अकबर को कौन सिखाएगा' लोककथा का यह अंश पढ़ें और 1 से 4 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> बूढ़ी महिला ने शाहंशाह को सलाम किया और कहा, "हुज़ूर, बुद्धिमान व्यक्ति जानते हैं कि सब कुछ सीख जाना संभव नहीं है। लेकिन सबको यह सीखना चाहिए कि अच्छा इंसान कैसे बन जा सकता है।"

1. 'इंसान' का समानार्थी शब्द चुनकर लिखें। (1)

   क) विद्वान ख) मूर्ख ग) मनुष्य घ) गरीब

2. 'बूढ़ी महिला' में विशेषण शब्द कौन-सा है? (1)
3. बूढ़ी महिला ने शाहंशाह अकबर से क्या कहा? (2)
4. इस प्रसंग के आधार पर शाहंशाह अकबर की उस दिन की **डायरी** लिखें। (4)

   सहायक बिंदु :

   - बूढ़ी महिला से मिलना।
   - बूढ़ी महिला श्रेष्ठ गुरु के रूप में।
   - महिला की बातें।
   - महिला की सादगी से प्रभावित होना।

अथवा

वेश के अनुरूप पात्रों को चुनकर लिखें।

वेश-भूषा	पात्र
मुकुट	....
पगड़ी	....
चूड़ीदार	....
राजसी कुर्ता	....

अकबर
बूढ़ी महिला
बीरबल

सूचना : 'ज्ञानमार्ग' एकांकी का यह अंश पढ़ें और 5 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

राजकुमार 2	: गुरुजी हम लोग संकट में पड़ गए हैं।
गुरु	: मैं जानता हूँ।
राजकुमार	: गुरुजी हमारी जान बचाइए।

5. 'हमारी' में निहित सर्वनाम कौन-सा है? (1)

क) मैं ख) हम ग) यह घ) तुम

6. 'गुरुजी हम लोग संकट में पड़ गए हैं।' – कौन-कौन संकट में हैं? (1)

7. कोष्ठक के शब्दों से वाक्य पिरामिड की पूर्ति करें। (2)

(दहाड़कर, अचानक)

शेर आगे बढ़ता है।

जीवित शेर आगे बढ़ता है।

....

....

8. आपके स्कूल में ज्ञानमार्ग एकांकी का मंचन होनेवाला है। इसकी सूचना देते हुए एक **पोस्टर** तैयार करें। (4)

अथवा

बिंदुओं की सहायता से **ज्ञान का महत्व** विषय पर **लघु लेख** तैयार करें।

- ज्ञान बाहरी दिखावा नहीं।
- हरेक में कुछ न कुछ ज्ञान है।
- ज्ञान सबकी भलाई के लिए है।
- ज्ञानार्जन निरंतर प्रक्रिया है।
- अहंकार से ज्ञान असफल होता है।

सूचना : 'सुख-दुख' कविता का यह अंश पढ़ें और 9 से 12 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

सुख-दुख के मधुर मिलन से
यह जीवन हो परिपूरन ;
फिर घन में ओझल हो शशि
फिर शशि से ओझल हो घन !

9. सुख-दुख किसकी कविता है? (1)

क) असगर वज़ाहत की ख) सुमित्रानंदन पंत की

ग) मधुसूदनन की घ) अरुण गांधी की

10. जीवन कब परिपूर्ण हो जाता है? (1)

11. कविता में घन और शशि किन-किन के प्रतीक हैं? (2)

12. कवि और कविता का परिचय देते हुए कवितांश का आशय लिखें। (4)

अथवा

सही मिलान करें।

क	ख
जीवन	बादल
ओझल	ज़िंदगी
शशि	अप्रत्यक्ष
घन	चाँद

सूचना : 'ज्ञानमार्ग' पाठ का यह अंश पढ़ें और 13 से 16 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> गुरु : मुझे मालूम था कि तुम लोगों के अंदर अभी अहंकार बहुत है और तुम अपने ज्ञान का नुकसान भी कर सकते हो। इसलिए मैं तुम लोगों के पीछे-पीछे आ रहा था।

13. राजकुमारों के पीछे कौन आ रहा था? (1)

14. सही विकल्प चुनकर लिखें। (1)

क) मैं + को = मुझे	ख) मैं + के = मुझे
ग) मैं + से = मुझे	घ) मैं + में = मुझे

15. गुरुजी राजकुमारों के पीछे-पीछे आ रहे थे। क्यों? (2)

16. उचित वाक्यांश चुनकर वाक्य की पूर्ति करें। (4)

(हो जाता है, पढ़ता हूँ, जाते हैं, करते हो)

क) मैं मंत्र ....।

ख) शेर जीवित ....।

ग) तुम मेरा अपमान ....।

घ) राजकुमार डर ....।

सूचना : 'शाहंशाह अकबर को कौन सिखाएगा' लोककथा का यह अंश पढ़ें और 17 से 20 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> "इस दरबार में मौजूद हर शख्स आपको कुछ न कुछ सिखा सकता है। हरेक ऐसा कुछ जानता है जो दूसरों को नहीं पता है। प्रत्येक के पास कुछ हुनर है, कुछ ज्ञान है, दिल या दिमाग की कोई ख़ासियत है। तो सभी शिक्षक भी हैं और विद्यार्थी भी।"

17. **व्यक्ति** के लिए प्रयुक्त शब्द कौन-सा है? (1)

क) दरबार ख) मौजूद

ग) शख्स घ) हरेक

18. "तो सभी शिक्षक भी हैं और विद्यार्थी भी।" - यह किसने कहा? (1)

19. लोककथा के आधार पर दो सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। (2)

- अकबर हर चीज़ सीखना चाहते थे।
- बीरबल ने शाहंशाह के आदेशों का पालन नहीं किया था।
- दरबार तरह-तरह के लोगों से भरा हुआ था।
- विद्वान होने के कारण बीरबल कुछ सीखना नहीं चाहते।

20. कोष्ठक से उचित पेशेवर के नाम चुनकर तालिका भरें। (4)

(चित्रकार, कुम्हार, दुकानदार, किसान)

जो दुकान चलाता है	....
जो खेती करता है	....
जो चित्र बनाता है	....
जो मिट्टी का बर्तन बनाता है	....